# उद्योग जगत बोला, यूपी बना निवेश के लिए भरोसेमंद मॉडल

## सीआईआई प्रतिनिधिमंडल ने सीएम से की मुलाकात, निवेश माहौल की सराहना की

अमर उजाला ब्यूरो



मुख्यमंत्री आवास पर शनिवार को सीएम योगी के साथ भारतीय उद्योग परिसंघ का प्रतिनिधिमंडल। -सूचना विभाग

**लखनऊ।** भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को मुख्यमंत्री से उनके आवास पर मुलाकात कर प्रदेश में व्यापार, निवेश और औद्योगिक विस्तार को लेकर विस्तृत चर्चा की। प्रतिनिधियों ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में प्रशासनिक प्रक्रियाएं अधिक सरल और प्रभावी हुई हैं। भूमि, स्वीकृतियों और परियोजना क्रियान्वयन से जुड़े कार्य अब पहले की तुलना में तेज और समयबद्ध तरीके से पूरे हो रहे हैं।

प्रतिनिधिमंडल में सीआईआई अध्यक्ष राजीव मेमानी (नई दिल्ली), इंडिया ग्लाइको लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक उमाशंकर भरतिया तथा सुनील मिश्रा शामिल रहे। उद्योग जगत ने सख्त कानून-व्यवस्था और प्रशासनिक स्थिरता को निवेश निर्णयों के लिए अहम बताया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में अब सुरक्षा और भरोसे का वातावरण स्पष्ट रूप से दिखाई देता है, जिससे बड़े, मध्यम और छोटे सभी प्रकार के उद्योग तेजी से निवेश के लिए आगे आ रहे हैं।

प्रतिनिधियों ने दस खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था के विजन की सराहना करते हुए इसमें सक्रिय भागीदारी की इच्छा जताई। निवेश-अनुकूल नीतियों और प्रोत्साहनों से उद्योगों का विश्वास और मजबूत हुआ है। साथ ही एक्सप्रेसवे, औद्योगिक कॉरिडोर, एयरपोर्ट, लॉजिस्टिक्स हब तथा बिजली-पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं के विस्तार ने औद्योगिक इकोसिस्टम को सशक्त बनाया है।

उद्योगपतियों ने सिंगल-विंडो सिस्टम और निवेश मित्र पोर्टल की भी सराहना की, जिसके माध्यम से 43 विभागों की 525 से अधिक सेवाएं एक मंच पर उपलब्ध हैं। निवेश मित्र 3.0 के आगामी लॉन्च से निवेश प्रक्रिया और अधिक सहज होने की उम्मीद जताई गई।